# महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांकः-1272/कु0का0/2023 दिनांकः 23/03/2023

प्रेषक,

कुलसचिव,
महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय,
आजमगढ़।

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबंधक,
समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्याल आजमगढ़।

**विषयः— "उत्तर प्रदेश वैश्विक नगर" अभियान के अन्तर्गत विभाग के कार्यालयों एवं उनमें कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के घरों में ट्विन बिन (हरा और नीला डस्टबिन) की उपलब्धता एवं निरंतर सोर्स सेग्रीगेशन (स्रोत पृथक्करण) एवं कार्यालयों के शौचालयों की निरंतर साफ—सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासन के पत्र संख्या—609/सत्तर—3—2023, दिनांक 04 मार्च 2023 के सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि प्रदेश के समस्त जनपदों की नगर निकायों में नगरीय सुविधाओं के स्तरोन्नयन, नगरों के सौन्दर्यीकरण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु माह जनवरी 2023 से 100 दिवसीय **"उत्तर प्रदेश वैश्विक नगर" (UP G Cities)** अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में **"स्वच्छ ढाबा"** अभियान एवं **"10तक डोर टू डोर"** अभियान वर्तमान में गतिमान है। उक्त अभियान के द्वारा राज्य के नगरों को **Good to Great** बनाने का तत्पर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में राज्य के नगरों को वैश्विक मापदंडों पर श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लिया गया है।

अवगत कराना है कि माननीय प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन—नगरी 2.0 गतिमान है। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन **(SWM)** सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। वैज्ञानिक विधि द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट **(SWM)** के माध्यम से कूड़े के निस्तारण हेतु सोर्स सेग्रीगेशन किया जाना अनिवार्य है। जिसके दृष्टिगत **"10तक डोर टू डोर"** अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है।

अभियान की व्यापक सफलता हेतु आपसे अनुरोध है कि अपने विभाग के कार्यालयों एवं उनमें कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के घरों में **ट्विन बिन (हरा और नीला डस्टबिन)** की उपलब्धता एवं निरंतर सोर्स सेग्रीगेशन (स्रोत पृथक्करण) कराए जाने एवं कार्यालयों के शौचालयों की निरंतर साफ—सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कृपया निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. विशेष सचिव उच्च शिक्षा अनुभाग—3 उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ।
3. निदेशक, एवं राज्य मिशन निदेशक, नगरीय विकाश निदेशालय उ0प्र0
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव